जल जीवन मिशन सम्बन्धी कार्यों तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की मासिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

उपरोक्त विषयक दिनांक 30.10.2026 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति (DWSM) की बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/अभियन्ताओं/फर्म प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया ।

क्र. सं.	नाम	पदनाम	विभाग का नाम
1	श्रीमती पूजा गुप्ता	मुख्य विकास अधिकारी	मुख्य विकास अधिकारी, मथुरा।
2	श्री नन्द प्रकाश मौर्य	अपर जिलाधिकारी	नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, मथुरा।
3	श्री धनंजय जयसवाल	जिला पंचायतराज अधिकारी	पंचायतीराज विभाग, मथुरा।
4	श्री दिनेश कुमार,	अधिशासी अभियन्ता,	खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
5	श्री भूपेंद्र कुमार	सहायक अभियन्ता	खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
6	श्री अशोक ठाकुर,,	पी०एम० पैकेज–1	एन०सी०सी० एपको (जे०वी०), मथुरा।
7	श्री गौरा चंद मौली	पी०एम० पैकेज–2	एन०सी०सी० एपको (जे०वी०), मथुरा।
8	श्री निशांत पाल	प्रोजेक्ट मैनेजर	मै0 जी0 ए0 इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड, मथुरा।
9	श्री मोहित सिंह,	जिला समन्वयक,	डी०पी०एम०यू०, मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा०लि०, मथुरा।
10	श्री अनिल कुमार सिंह	डी0पी0एम0	टी0पी0आई0ए0 मै0,फिचनर कंसल्टिंग इंजीनियर्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, मथुरा।

बैठक के दौरान JJM Dashboard पर उपलब्ध विभिन्न बिंदुओं एवं आंकड़ों की जिलाधिकारी महोदय, द्वारा विस्तृत एवं गहन समीक्षा की गई, जो निम्नवत् हैं:–

Table No-1: Jal Nigam Under Construction (UC) Scheme Progress

Schemes	Villages	<50% Physical Progress	51-75% Physical Progress	>75% Physical Progress	Financially Completed Scheme
1	2	3	4	5	6
0	0	0	0	0	0

बैठक में अधिशासी अभियन्ता, सचिव जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा बताया गया कि जनपद मथुरा में जल निगम द्वारा किसी भी योजना का निर्माण कार्य नही कराया जा रहा है।

Table No-1A: Jal Nigam Operation and Maintenance Scheme Progress

Total Scheme	Total Villages	RWS Village Status		
		Fully Functional	Partially Fuctional	Non Fuctional
1	2	3	4	5
75	77	7	66	4

1. Table No-1A के अंतर्गत संचालन एवं अनुरक्षण (Operation & Maintenance) के अधीन संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए पूर्व से संचालित ग्रामीण पेयजल योजनाओं की समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि कुल 75 योजनाओं में से 71 योजनाएं संचालित हैं तथा 04 योजनाएं बंद हैं, जिनके क्रियान्वयन हेतु फर्म द्वारा टीमें लगाई गई हैं। इस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म M/s GA Infra Pvt. Ltd. के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि समस्त आंशिक रूप से संचालित एवं बंद पेयजल योजनाओं को आगामी 15 दिवस में पूर्णतः क्रियाशील कराते हुए जलापूर्ति का प्रतिशत बढ़ाया जाए। साथ ही योजनाओं के सुचारु संचालन एवं नियमित अनुरक्षण हेतु मेंटेनेंस टीमों की संख्या में भी वृद्धि सुनिश्चित की जाए।

DWSMBaithak

Table No-1B: Jal Nigam Retrofit Scheme Progress									
Total No of Schemes	Total no of Village	No of Physical Completed Scheme	No of Village Physical Completed	No of Functionaly Completed Schemes	Total No of Village Functionaly Completed	No of Physicaly Not Completed/WIP Schemes	No of Village Not Completed/WIP Schemes	No of fintionaly Not Completed/WIP Schemes	Total No of Village finationaly not Completed
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
45	45	45	45	36	37	0	0	9	9

Table No-1B: में जल निगम की रेट्रोफिट योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता/सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा बताया गया कि **"जनपद मथुरा के अन्तर्गत रेट्रोफिट पेयजल योजनाओं के समस्त कार्य वर्ष 2020–21 में पूर्ण किये जा चुके है।"**

Table No-2: Physical Progress Phase wise

Table 2 — Physical Progress Phase wise — Export

Sno	Agency Name	Total Schemes	Total Villages	RWS Villages		Work Completed		Work in Progress			Villages in O&M but not RWS	OHT	
				Total RWS Villages	100% / 90% to 99% / < 90%	O&M Schemes / Villages	Trial Run Schemes / Villages	Schemes / Villages	Direct Pumping Schemes / Villages	No RWS Schemes / Villages		Required OHT	Completed OHT
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1	[JJM] NCC-APCO JV	2	588	0	0 / 0 / 0	0 / 0	0 / 0	2 / 588	0 / 0	2 / 588	0	206	13
2	[Jal Nigam] GA Infra Private Limited	75	77	72	7 / 3 / 63	75 / 77	0 / 0	0 / 0	0 / 0	0 / 0	0	0	0
	Total	77	665	72	7 / 3 / 63	75 / 77	0 / 0	2 / 588	0 / 0	2 / 588	0	206	13

Table No–2 में जल जीवन मिशन के अंतर्गत Phase wise योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि –

1. निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि प्राथमिकता वाले 02 विकास खण्डों में माह दिसम्बर 2026 के अंत तक जलापूर्ति प्रारम्भ करने की कार्ययोजना तैयार कर अवशेष कार्यों को अतिरिक्त टीमें लगाकर तीव्र गति से पूर्ण कराया जाए, जिससे डब्ल्यू०टी०पी० के निकटवर्ती विकास खण्डों में निर्धारित समयावधि में जलापूर्ति प्रारम्भ की जा सके।
2. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि पाइपलाइनों की हाइड्रो टेस्टिंग हेतु फर्म द्वारा पर्याप्त टीमें लगाना आवश्यक है, जिससे प्राथमिकता वाले क्लस्टरों की पाइपलाइनों एवं बड़े व्यास की पाइपलाइनों की टेस्टिंग समय से पूर्ण कराई जा सके तथा निर्धारित समय पर जलापूर्ति प्रारम्भ की जा सके। इस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा पी०एम०, पैकेज–1 को पर्याप्त टीमें लगाने एवं स्वयं एक टेस्टिंग स्थल का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। इस क्रम में पी०एम०, पैकेज–1 द्वारा दिनांक 26.11.2026 को निरीक्षण हेतु तिथि निर्धारित की गई।
3. प्राथमिकता वाले क्लस्टरों में ओवरहेड टैंक (OHT) के निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि 06 ओ०एच०टी० का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 16 ओ०एच०टी० पर कार्य प्रगति पर है। इस पर निर्देशित किया गया कि अवशेष ओ०एच०टी० के

निर्माण हेतु अतिरिक्त टीमें लगाकर कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। इसके अतिरिक्त 02 स्थलों पर जिंक–एल्यूमिनियम टैंक स्थापित किए जाने के संबंध में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा स्वयं स्थलों का निरीक्षण किया गया है तथा निरीक्षण में पाई गई कमियों का निराकरण कराने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया है।

4. भारत सरकार को दिये गये Construction Time Line Plan के अनुसार सभी घटकों पर आवश्यक संसाधनों यथा श्रमिक, मशीनरी एवं मेटेरियल इत्यादि की उपलब्धता बढाते हुए कार्य को निर्धारित Time Line के अनुसार पूर्ण कराया जाए।

Table No-2A: Single Village Scheme Physical Progress

Table 2A- Single Village Scheme Physical Progress — Export

SNO	Type	Total Schemes	Total Villages Certified Village	RWS Villages		Work Completed		Work in Progress			Villages in O&M but not RWS/No Disruption	OHT		Financial Details (Lakh)	
				Total RWS Villages RWS(%)	100% 90% to 99% + 90%	O&M Schemes Villages	Trial Run Schemes Villages	Schemes Villages	Direct Pumping Schemes Villages	No RWS Schemes Villages		Required OHT	Completed OHT	Estimated Cost	Expenditure
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
1	SINGLE VILLAGE SCHEME (JJM)	0	0/0	0/0%	0/0/0	0/0	0/0	0/0	0/0	0/0	0	0	0	0.00	0.00
2	SINGLE VILLAGE SCHEME (Jal Nigam)	73	73/66	59/95%	6/3/60	73/73	0/0	0/0	0/0	0/0	0	0	0	0.00	0.00
	Total	73	73/66	59/95%	6/3/60	73/73	0/0	0/0	0/0	0/0	0	0	0	0.00	0.00

Table No- 2A में जल निगम की एकल ग्राम पेयजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता/ सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा बताया गया कि **"जनपद मथुरा के अन्तर्गत एकल ग्राम पेयजल योजनाओं के समस्त कार्य वर्ष 2020–21 से पूर्व पूर्ण किये जा चुके है।**

S. No	Agency Name	Taotal RWS Disruption (Village)							O&M RWS Disruption (Village)						
		Theft	Power Electrical Issue	Tullu pump	Road Winding	Dornage Village interal work	Local Reparing	Total	Theft	Power Electrical Issue	Tullu Pump	Road Winding	Dornage Village interal work	Local Reparing	Total
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
1	NCC APCO JV	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
2	GA Infra Private Limited (Jal Nigam)	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
	Total	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0

Table No–3 में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नियमित पेयजल आपूर्ति वाले ग्रामों में जलापूर्ति व्यवधान की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता /सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा बताया गया कि **"वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सतही जल स्त्रोत आधारित पेयजल योजना के कार्य निर्माणाधीन है एवं विद्युत संयोजन के कारण बन्द पूर्व निर्मित पेयजल योजना सेही बॉगर पर विद्युत कनैक्शन कराये जाने के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता विद्युत द्वारा बताया गया कि योजना पर कनैक्शन किये जाने से सम्बन्धित**

प्राक्कलन 01 सप्ताह में जल निगम को उपलब्ध करा दिया जाएगा। जिस पर निर्देश दिये गये कि प्राक्कलन प्राप्त होने के पश्चात् अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जाए।"

Table No–4 Certification/Jal Arpan/Jal Aklan/RPWSS/Road Restoration

S. No	Agency Name	Villages	Certification	Jal Arpan		Jal Aklan	100% Road Restoration Villages
				Panchayat	Village		
1	2	3	4	5	6	7	8
1	NCC- APCO JV (JJM)	588	9	0	0	6	52
2	GA Infra Private Limited (Jal Nigam)	77	72	0	0	64	0
	Total	**665**	**81**	**0**	**0**	**70**	**52**

Table No–4 में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल Certification/Jal Arpan/Jal Aklan/RPWSS/Road Restoration वाले ग्रामों की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता सचिव द्वारा बताया गया कि " **वर्तमान में योजना के कार्य निर्माणाधीन है जिस कारण जल अपर्ण/जल आंकलन नही किया जा सकता तथा निर्माणाधीन योजना के अन्तर्गत शतप्रतिशत सड़क पुर्नस्थापना वाले ग्रामों की संख्या बढाये जाने हेतु मै0 एन0सी0सी0 एपको जे0वी0 को निम्नलिखित निर्देश दिये गये है–**

1. पूर्व में सम्पन्न बैठक में M/s NCC-APCO (JV) द्वारा 100 प्रतिशत सड़क पुनर्स्थापना के 138 ग्रामों की सूची जल निगम, मथुरा को उपलब्ध कराई गई थी। उक्त सूची का सत्यापन जिला प्रशासन द्वारा खण्ड विकास अधिकारियों (BDO) एवं जे०ई० एम०आई० के माध्यम से कराया गया, जिसमें 62 ग्राम पूर्णतः संतोषजनक (Fully Satisfied), 25 ग्राम आंशिक कमियों के साथ संतोषजनक (Satisfied with Minor Deficiency) तथा 35 ग्राम असंतोषजनक (Unsatisfied) पाए गए।
2. उक्त सत्यापन के क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में सड़क पुनर्स्थापना का कार्य असंतोषजनक अथवा आंशिक कमियों के साथ पाया गया है, उनमें अतिरिक्त टीमें लगाकर शत–प्रतिशत संतोषजनक स्थिति सुनिश्चित की जाए।
3. समीक्षा के दौरान यह संज्ञान में आया कि कुछ ग्रामों में इंटरलॉकिंग टाइल्स (I-L) का कार्य पूर्व निर्मित सड़क के निर्धारित स्तर के अनुरूप नहीं किया गया है तथा कुछ स्थानों पर सी०सी० रोड की मरम्मत भी गुणवत्तापूर्ण ढंग से नहीं की गई है। इस पर निर्देशित किया गया कि संबंधित स्थलों पर पुनः कार्य कराकर सड़कों को उचित स्तर एवं गुणवत्तानुसार दुरुस्त कराया जाए।
4. फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में सड़क पुनर्स्थापना हेतु 12 इन–हाउस टीमें कार्यरत हैं। इस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रत्येक विकास खण्ड में टीमों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए। इस क्रम में पी०एम०, पैकेज–2 द्वारा प्रत्येक विकास खण्ड में 08 टीमें उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया।
5. फरह, बलदेव एवं मांट विकास खण्डों में सड़क पुनर्स्थापना के सत्यापन में असंतोषजनक परिणाम अधिक पाए जाने के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा उक्त विकास खण्डों में सड़क पुनर्स्थापना हेतु समर्पित (Dedicated) टीमें लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही फर्म को समस्त अवशेष सड़कों की मरम्मत आगामी 15 दिवस में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।
6. जिलाधिकारी महोदय द्वारा अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) एवं अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि सड़क पुनर्स्थापना कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाए। साथ ही फर्म से माइक्रो प्लान प्राप्त कर उसके अनुसार कार्य कराया जाए तथा प्रतिदिन कार्यस्थल पर भेजी गई टीमों की संख्या एवं कार्य की प्रगति की सूचना व्हाट्सएप ग्रुप पर उपलब्ध कराई जाए।

7. आगामी दीपावली एवं अन्य महत्वपूर्ण त्योहारों के दृष्टिगत जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि किसी भी ग्राम में खुली ट्रेंच अथवा गड्ढे खुले न छोड़े जाएं। समस्त खुले गड्ढों को तत्काल भरकर सड़कों को आवागमन योग्य (Motorable) बनाया जाए, जिससे आम जनमानस को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे।
8. जिला पंचायत राज अधिकारी (DPRO), मथुरा को निर्देशित किया गया कि अपने स्तर से उन ग्रामों की सूची प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जाए, जहां सड़क पुनर्स्थापना की स्थिति अत्यधिक खराब है, ताकि फर्म द्वारा उक्त ग्रामों में प्राथमिकता पर टीमें लगाकर सड़क मरम्मत का कार्य कराया जा सके।

Table No-4A: RPWSS Village Details

S.No	Total No of Villages	No of Villages Where RPWSS Finalized	No of Villages Where RPWSS in Dralt	No of Village RPWSS	Rinalized (%)
1	2	3	4	5	6
1	680	665	0	15	97.79%

Table No-4A में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण पाई पेयजल आपूर्ति योजनाओं Sujal Gaon ID/RPWSS ID की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता /सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि, " **मथुरा बहुलग्राम पेयजल योजना (पैकेज–1 व 2) की RPWSS ID बनाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं टेबिल के कॉलम सं0 5 मे दिख रहे 15 ग्राम गैर आबाद/नगर निकाय में सम्मलित हो गये है।**"

Table No–5: Components Wise Physical Progress

Sr. No	Components	Physical Progress		
		Target	Achivment	%
1	2	3	4	5
4	ओवरहैड टैंक (OHT)	208	204/13	98.08
5	पाइप लाइन बिछाने का कार्य (कि0मी0)	5795	4215	72.74
7	घरेलू जल कनेक्शन (FHTC)	294078	98462	33.48
9	सड़क मरम्मत का कार्य (KM)	859	799	93.03
10	वे गॉव जहाँ 100% सड़क कार्य पूर्ण हो चुका है।	588	52	8.84

Table No–5 में जल जीवन मिशन के अंतर्गत Phase wise योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अपर जिलांधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि " **भारत सरकार को दिये गये Construction Time Line Plan के अनुसार सभी घटकों पर आवश्यक संसाधनों यथा श्रमिक, मशीनरी एवं मेटेरियल इत्यादि की उपलब्धता बढाते हुए कार्य को निर्धारित Time Line के अनुसार पूर्ण कराया जाए** "

Table No–6: Unified Command and Control System (UCCS)- Automation

S.No	Agency Name	Total			O&M		
		Scheme	Interget	Live	Scheme	Interget	Live
1	2	3	4	5	6	7	8
1	NCC-APCO JV	2			0		
	Total	2			0		
##	Jal Nigam	75	0	0	0	0	0
	Total	77			0		

Table No–6 की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि " **वर्तमान में योजना के कार्य निर्माणाधीन है।** "

Table No–7 Grievance Redressal System

S.No	Agency Name	Total Complaint			O&M Complaint		
		Total	Close	Pending	Total	Close	Pending
1	2	3	4	5	6	7	8
1	NCC-APCO JV	433	418	15			0
2	Jal Nigam	158	150	8	14	14	0
	Total	591	568	23	14	14	0

Table No–7 में जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु समीक्षा करते हुए अपर जिलाधिकारी महोदय, द्वारा निर्देशित किया गया कि " **लम्बित शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराया जाए।**"

1. IGRS से प्राप्त शिकायतों के आधार पर आवश्यक रोड रेस्टोरेशन, मरम्मत एवं अन्य सुधारात्मक कार्यों को कार्ययोजना में सम्मिलित किया जाए।

Table No–8 भारत सरकार द्वारा निर्धारित, प्रदेश के Arsenic/Fluoride/JE/AES प्रभावित क्षेत्रों का विवरण

S.No.	Discription	Total Village	Completed Village	Work in Progress Villages	Completed (%)
1	2	3	4	5	6
1	Fluoride	17	3	14	18

Table No–8 में आर्सेनिक / फ्लोराइड / जेई / एई प्रभावित ग्रामों में पेयजल की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए अपर जिलाधिकारी महोदय, द्वारा निर्देशित किया गया, जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सतही जल स्त्रोत आधारित पेयजल योजना के कार्य प्रगति पर है तथा योजना को माह दिसम्बर 2027 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। जनपद में Fluoride से प्रभावित ग्रामों में कार्यवाही योजना के पूर्ण होने के पश्चात् ही सम्भव है।

उपरोक्त के अतिरिक्त अन्त में निर्देश दिये गये कि कि सभी संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाएं उपरोक्त बिंदुओं पर समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। विशेष रूप से दिसंबर 2026 तक लक्षित ग्रामों में जलापूर्ति प्रारंभ करने, लीकेज का निस्तारण, Non&Functional योजनाओं को पुनः Functional करने, रोड रेस्टोरेशन पूर्ण करने तथा आवश्यक अतिरिक्त मैनपावर एवं संसाधन उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही, प्रत्येक कार्य की नियमित प्रगति समीक्षा एवं फील्ड स्तर पर स्थलीय सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। संबंधित कार्यों की ग्रामवार/क्लस्टरवार प्रगति रिपोर्ट बैठक में प्रस्तुत की जाए

तथा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य पूर्ण कराते हुए अनुपालन आख्या समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

अनुमोदित

(नन्द प्रकाश मौर्य)
नमामिगंगे ग्रामीण एंव जलापूर्ति
विभाग, मथुरा

अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यायल, उ0प्र0 जल
निगम (ग्रामीण) मथुरा

पत्रांक 1021 / जल जीवन मिशन /219 दिनांक 13-11-2026

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, मथुरा।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, मथुरा।
3. अपर जिलाधिकारी महोदय, नमामि गंगे एंव ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, मथुरा।
4. मुख्य अभियन्ता (आ0क्षे0)/अधीक्षण अभियन्ता, मण्ड़ल कार्यालय/अधिशासी अभियन्ता (वि0यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

5. जिला पंचायतराज अधिकारी, मथुरा।
6. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इन्जीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0सी0–एपको (जे0वी0) (पैकेज–1 एवं 2), मथुरा को इस निर्देश के साथ कि अनुपालन आख्या 03 दिवस में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें
8. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 GA इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड, मथुरा इस निर्देश के साथ कि अनुपालन आख्या 03 दिवस में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
9. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 (मेधज टैक्नों, प्रा0लि0) मथुरा।
10. डी0पी0एम0 मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा क्लस्टर, मथुरा।
11. डी0पी0एम0 मै0 आरवी एसोसिएट्स,(टी0पी0आई0), आगरा क्लस्टर, मथुरा।

अधिशासी अभियन्ता

DWSMBaithak